२. परोपकार

– श्रीकृष्ण

बहुत पहले की बात है । एक गाँव में फूलों की क्यारियाँ चारों तरफ सुंगध फैला रही थीं । फूलों से मधु इकट्ठा करने के लिए मधुमक्खियाँ फूलों पर मँड़रा रही थीं । एक मधुमक्खी गुलाब के फूल पर बैठी उसका रस चूस रही थी । तभी एक बर्र उड़ती हुई वहाँ आ पहुँची । बर्र को अपने रूप-रंग पर बड़ा घमंड था । वह मधुमक्खी को देखकर जल-भुन गई । बर्र ने मधुमक्खी से कहा, ''हम दोनों में बहुत समानता है । हम दोनों के पंख हैं हम दोनों उड़ सकती हैं । हम दोनों फूलों का रस चूसती हैं । हम दोनों डंक भी मारती हैं । फिर क्या कारण है कि मनुष्य तुमको पालते और मुझे दूर भगाते हैं । वैसे मैं तुमसे अधिक सुंदर भी हूँ ।'' मुझे बताओ कि मनुष्य मेरे साथ ऐसा क्यों करते हैं ?

मधुमक्खी ने उत्तर दिया, ''यह सच है बहन ! तुम रंग-बिरंगी हो, उड़ती भी हो परंतु फिर भी तुम्हारा आदर नहीं होता, इसका कारण यह है कि कोई भी प्राणी सुंदरता के कारण नहीं, अपने अच्छे गुणों के कारण आदर पाता है । मनुष्य उन प्राणियों का ही आदर करते हैं जो परोपकारी होते हैं, दूसरों को दुख नहीं पहुँचाते हैं । तुम सुंदर हो, परंतु मनुष्य को केवल कष्ट देती हो । तुम उन्हें डंक मारती हो । तुम्हारे डंक मारने से सूजन आ जाती है । बहुत दर्द होता है । मैं उन्हें मीठा शहद देती हूँ । मैं उनके काम आती हूँ । यही कारण है कि वे मुझे पालते हैं और तुम्हें दूर भगाते हैं ।''

— o —

परिचय

परिचय : श्रीकृष्ण जी अपनी कहानियों एवं लघुकथाओं के लिए प्रसिद्ध हैं । आपकी कहानियाँ एवं अन्य रचनाएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में सतत छपती रहती हैं । आपकी रचनाओं में जीवनमूल्यों की प्रधानता पाई जाती है ।

गद्य संबंधी

यहाँ दी गई लघुकथा में लेखक श्रीकृष्ण जी का कहना है कि व्यक्ति को प्रेम एवं आदर, शारीरिक सुंदरता के कारण नहीं बल्कि उसके सदगुणों के कारण प्राप्त होता है ।

मौलिक सृजन

'किसी भी लघुकथा से जीवन-बोध प्राप्त होता है' इसपर अपने विचार लिखो ।

शब्द वाटिका

डंक = मधुमक्खी का जहरीला काँटा, दंश **बर्र** = ततैया नाम का उड़ने वाला कीड़ा

*** सूचना के अनुसार कृतियाँ करो :–**

(१) विशेषताएँ लिखो :

बर्र

मधुमक्खी

(२) कारण लिखो :

१. मनुष्य द्वारा प्राणी का आदर पाना –

२. मनुष्य द्वारा प्राणी का अनादर पाना –

(३) एक वाक्य में उत्तर लिखो :

१. अपने रूप-रंग पर किसे घमंड था ?

२. लोग मधुमक्खी को क्यों पालते हैं ?

(४) इस लघुकथा से प्राप्त होने वाली सीख लिखो ।

भाषा बिंदु

निम्नलिखित अव्ययों के भेद पहचानकर अपने वाक्यों में प्रयोग करो :

	अव्यय शब्द	भेद	वाक्य
१.	ओर	--------	----------
२.	वाह !	--------	----------
३.	धीरे-धीरे	--------	----------
४.	लेकिन	--------	----------
५.	तरफ	--------	----------
६.	अरेरे !	--------	----------
७.	तेज	--------	----------
८.	परंतु	--------	----------

उपयोजित लेखन

प्राकृतिक सौंदर्य वाले किसी चित्र का वर्णन दस-बारह पंक्तियों में लिखो ।

मैंने समझा

स्वयं अध्ययन

हिंदी साप्ताहिक पत्रिका/समाचार पत्रों से प्रेरक कथाओं का संकलन करो ।

I5YEUN